भारत सरकार **लोकसभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 3773**

वाणिज्य विभाग

दिनांक 11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

एफसीवी तंबाकू किसानों का कल्याण

3773. डॉ. बायरेड्डी शबरी:

श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:

श्री तंगेला उदय श्रीनिवास:

श्री पुट्टा महेश कुमार:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश, विशेषकर नांदयाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में एफसीवी तंबाकू किसानों को हो रही परेशानी की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) नांदयाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित आंध्र प्रदेश में पिछले तीन फसल मौसमों के दौरान एफसीवी तंबाकू की नीलामी कीमतों में क्या रुझान रहा है और पिछले मौसम की तुलना में नीलामी की कीमतों में गिरावट के क्या कारण हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य के संबंध में भारत के एफसीवी तंबाकू निर्यात का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या प्रचलित वैश्विक व्यापार और भू-राजनीतिक स्थितियों से निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हुई और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ङ) क्या सरकार विशेष रूप से आंध्र प्रदेश और नांदयाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के किसानों के लिए प्रसंस्करण, क्यूरिंग और ग्रेडिंग बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, निर्यात बाजारों के विविधीकरण और मूल्य संवर्धन के माध्यम से निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने के उपायों पर विचार कर रही है; और

(च) क्या सरकार वैश्विक स्तर पर सिमटते मांग बाजार के बावजूद लीफ प्रोसेसिंग, क्यूरिंग और ग्रेडिंग बुनियादी ढांचे में निवेश, निर्यात गंतव्यों के विविधीकरण और निर्यात-उन्मुख प्रसंस्करण क्षमता में निजी या विदेशी निवेश के लिए किसी भी प्रोत्साहन के माध्यम से घरेलू स्तर पर उगाए गए एफसीवी तंबाकू को अधिक निर्यात प्रतिस्पर्धी बनाने के उपायों पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (च) : आंध्र प्रदेश में, वर्ष 2025-26 फसल सीजन के लिए, वर्तमान में नीलामी चल रही है और आज तक, फसल का केवल एक छोटा प्रतिशत ही नीलाम किया गया है। तम्बाकू बोर्ड के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, नंदयाल लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में फ्लू क्योर्ड वर्जीनिया (एफसीवी) तम्बाकू की कोई खेती नहीं है। पिछले दस वर्षों में, आंध्र प्रदेश में एफसीवी तंबाकू किसानों द्वारा प्राप्त औसत मूल्य 130.00 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 248.86 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है, जो 91.43% की वृद्धि है।

मूल्य का निर्धारण तंबाकू बोर्ड द्वारा आयोजित पारदर्शी इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से किया जाता है तथा यह मांग और आपूर्ति के आधार पर निर्धारित होता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, विपणन की गई फसल की मात्रा फसल वर्ष 2023-24 में 181.02 (मिलियन किलोग्राम) से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 240.64 (मिलियन किलोग्राम) हो गई तथा औसत मूल्य ₹225 प्रति किलोग्राम से ₹288.65 प्रति किलोग्राम के बीच रहा।

पिछले तीन वर्षों के दौरान मात्रा और मूल्य में भारत के एफसीवी तंबाकू निर्यात का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	मात्रा (मिलियन टन)	मूल्य (करोड़ रुपये)
2023-24	1,43,316.89	5,932.09
2024-25	1,46,954.01	7,571.00
2025-26	1,55,050.59	7,782.98

स्रोत: डीजीसीआईएस

जैसा कि ऊपर दिखाया गया है, 2023-24 से 2025-26 की अवधि के दौरान, भारत के एफसीवी तंबाकू निर्यात में मात्रा के संदर्भ में 8.19% और मूल्य (₹) के संदर्भ में 31.20% की वृद्धि हुई।

भारत, मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद, एफसीवी तंबाकू के प्रमुख निर्यातकों में से एक बना हुआ है, जो मात्रा के मामले में तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और गैर-निर्मित तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है, जिसका निर्यात 127 से अधिक देशों में किया जाता है।

वाणिज्य विभाग के तहत एक स्वायत्त निकाय, तंबाकू बोर्ड, राष्ट्रीय वाणिज्यिक कृषि अनुसंधान संस्थान (एनआईआरसीए) द्वारा विकसित गुणवत्ता वाले बीजों की आपूर्ति के माध्यम से

उन्नत क्युरिंग प्रौद्योगिकियों, गुणवत्ता सुधार, वैज्ञानिक ग्रेडिंग, मशीनीकरण, मूल्य संवर्धन, अनुसंधान, बाजार विविधीकरण और अच्छी कृषि पद्धतियों (जीएपी) को बढ़ावा देकर भारतीय एफसीवी तंबाकू की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देता है।

पिछले दस वर्षों के दौरान, तंबाकू और तंबाकू उत्पादों का निर्यात 240.93 मिलियन किलोग्राम, जिसका मूल्य ₹6,450.66 करोड़ (958.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर), से बढ़कर 368.85 मिलियन किलोग्राम, जिसका मूल्य ₹17,192.04 करोड़ (1,948.98 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया है, जिसमें मात्रा के संदर्भ में लगभग 53.10% और मूल्य के संदर्भ में लगभग 166.51% की वृद्धि दर्ज की गई है।

******